दृष्टि The Vision

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें ।

**कोड : MCSTV-73**

**2017**

**विषय : सामान्य हिन्दी**

क्रमांक 1205465

सीरीज़

**A**

समय : 1 घण्टा

पूर्णांक: 60

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स के अन्दर लिखें

अंकों में: 3 8 9 8 8 6

शब्दों में:

**प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल काले बॉल-प्वाइंट पेन का प्रयोग करें ।**

**अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।**

**आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत उत्तर-पत्रक की मूल प्रति निरीक्षक को सौंप दें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
2. **उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न-पत्र का सही कोड एवं सीरीज़ अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।**
3. **इस परीक्षण पुस्तिका में 60 प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं । अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **काले बॉल-प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें ।** प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है ।
4. अनुक्रमांक के अलावा परीक्षण पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । इसके अलावा परीक्षण पुस्तिका के अन्दर और कुछ न लिखें । यदि आप रफ़ कार्य करना चाहते हैं, तो आप निरीक्षक से वर्किंग शीट माँग लें व इस पर वांछित सूचनाएँ भर लें ।
5. **परीक्षण पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि परीक्षण पुस्तिका में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**
6. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

   (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

   (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें ।

***Note :** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.*

## सामान्य हिन्दी

1. इनमें से अशुद्ध वर्तनी का शब्द है :
   (a) चरमोत्कर्ष
   (b) वाङ्मय
   (c) पुनुरुत्थान
   (d) हिरण्यकश्यपु

2. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :
   (a) प्रतिदर्श
   (b) दृष्टा
   (c) रचइता
   (d) अहार

3. निम्नलिखित शब्दों में वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द अशुद्ध है ?
   (a) पुष्पांजलि
   (b) निरापराध
   (c) भास्कर
   (d) उज्ज्वल

4. निम्नलिखित में अशुद्ध वर्तनी का शब्द है :
   (a) वाङ्मय
   (b) उत्कर्ष
   (c) वैमनस्य
   (d) मिथलेशकुमारी

5. निम्नलिखित में एक शब्द अशुद्ध है :
   (a) दैहिक
   (b) नोकरी
   (c) प्रौढ़
   (d) पौरुष

6. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?
   (a) वह अनेकों मामलों में गवाह था ।
   (b) नूपुर की ध्वनि मनमोहक है ।
   (c) आपकी मनःकामना पूरी हो ।
   (d) मनीषिगण ! मेरी बात पर ध्यान दें ।

7. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
   (a) संसारिक समस्याओं में सभी फँसे हैं ।
   (b) निरपराध व्यक्ति को दण्ड क्यों मिला ?
   (c) हिन्दी देवनागरी लिपी में लिखी जाती है ।
   (d) अत्याधिक दुःख सहा नहीं जाता ।

8. निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य है :
   (a) गौतम ऋषि की पत्नी का नाम अहल्या था ।
   (b) इस कार्य में बहुत विलम्ब हो गया ।
   (c) रसगुल्ला बहुत स्वादिष्ट है ।
   (d) एक गुलाब की माला खरीद लेना ।

9. निम्नलिखित में से एक वाक्य अशुद्ध है :
   (a) इस बात का स्पष्टीकरण करना आवश्यक है ।
   (b) प्याज तीखा होता है ।
   (c) आप इतनी देर में क्यों आये ?
   (d) प्रत्येक श्रमिक को दो रुपये मिले ।

10. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है :
   (a) भारत कभी ब्रिटेन के आधीन था ।
   (b) निरपराधी व्यक्ति को दण्ड नहीं मिलना चाहिए ।
   (c) बादशाह ने मुक्तहस्त दान दिया ।
   (d) उसे पैत्रिक सम्पत्ति में हिस्सा नहीं मिला ।

11. 'जो स्त्री सूर्य भी न देख सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) शास्त्रज्ञा

(b) असूर्यम्पश्या

(c) स्त्रैण

(d) दुर्निवार

12. 'कुछ खास शर्तों पर किसी कार्य को करने का समझौता' के लिए एक शब्द है

(a) कर्मठता

(b) बेलदारी

(c) ठेकेदारी

(d) संविदा

13. 'अपने सहारे पर रहने वाले' के लिए एक शब्द है

(a) स्वावलंबी

(b) आत्मनिर्भरी

(c) बलिष्ठ

(d) आत्मविश्वासी

14. 'अप्रमेय' किस वाक्यांश के लिए एक शब्द है ?

(a) जो तौला या नापा न जा सके ।

(b) जो अवश्य होने वाला हो ।

(c) जो प्रमाण से सिद्ध न हो सके ।

(d) जो समय पर संभव न हो ।

15. 'किसी पर विजय प्राप्त करने की इच्छा रखने वाला' – वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) विजित

(b) विजेता

(c) जिगीषु

(d) जिज्ञासु

16. 'पैर से सिर तक' वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) शिख–नख

(b) शिरोपर

(c) पादमस्तक

(d) आपादमस्तक

17. 'अनुचित बात के लिए आग्रह करने वाला' – वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) दुराग्रह

(b) अनाग्रही

(c) दुराग्रही

(d) कुआग्रही

18. 'जिसकी पहले से कोई आशा न हो' के लिए एक शब्द है

(a) अप्रत्याशित

(b) आशातीत

(c) आशाजनक

(d) प्रत्याशित

19. 'राज्य द्वारा निकाला गया आधिकारिक आदेश' – वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) अधिनियम

(b) अध्यादेश

(c) अधियाचना

(d) अधिसूचना

20. 'वह स्त्री जिसका पति परदेश (विदेश) गया हो' – वाक्य के लिए एक शब्द है

(a) नवोढ़ा

(b) प्रवत्स्यतपतिका

(c) प्रोषितपतिका

(d) आगतपतिका

दृष्टि The Vision

21. 'पृथक्' का सही विलोम है

(a) एकत्र

(b) संयुक्त

(c) थकित

(d) सुघटित

22. निम्नलिखित में एक शब्द 'उपयोग' का विलोम है :

(a) समुपयोग

(b) निरुपयोग

(c) सदुपयोग

(d) अनुपयोग

23. 'निषिद्ध' के लिए सही विलोम शब्द है

(a) सिद्ध

(b) अनिषिद्ध

(c) विहित

(d) घृणित

24. निम्नलिखित में एक शब्द 'शुष्क' का विलोम है :

(a) उष्ण

(b) आर्द्र

(c) शीत

(d) शिष्ट

25. निम्नलिखित में से एक शब्द 'स्थूल' का विलोम नहीं है :

(a) सूक्ष्म

(b) तन्वी

(c) दुर्बल

(d) शाश्वत

26. निम्नलिखित में से विलोम की दृष्टि से सही शब्द युग्म है :

(a) आग्रह – विग्रह

(b) अपकर्ष – उपकर्ष

(c) जारज – औरस

(d) उत्सर्जन – विसर्जन

27. निम्नलिखित में विलोम शब्दों का सही युग्म है :

(a) ईप्सित – अभीप्सित

(b) अमित – समित

(c) हया – बेहया

(d) अघी – निरघ

28. इनमें से विलोम शब्दों का एक गलत युग्म है :

(a) दक्षिण – वाम

(b) उद्यम – निरुद्यम

(c) विधि – निषेध

(d) बर्बर – सभ्य

29. *निम्नलिखित में विलोम की दृष्टि से शुद्ध युग्म है :*

(a) अल्पज्ञ – बहुज्ञ

(b) संयुक्त – संधियुक्त

(c) समस्त – अभ्यस्त

(d) अज्ञ – अनभिज्ञ

30. विलोमार्थक दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है

(a) सचल – चल

(b) निरपेक्ष – सापेक्ष

(c) मौलिक – अनूदित

(d) बंधन – मोक्ष

31. "वह आदमी जो कल आपके घर आया था, बहुत बड़ा ठग है ।" उपर्युक्त वाक्य में कितने विशेषण हैं ?

(a) तीन

(b) दो

(c) चार

(d) पाँच

32. 'दुश्चरित्र व्यक्ति से सम्बन्ध नहीं रखना चाहिए ।' इस वाक्य में प्रयुक्त 'दुश्चरित्र' शब्द व्याकरण की दृष्टि से किस संवर्ग में है ?

(a) संज्ञा

(b) सर्वनाम

(c) विशेषण

(d) क्रियाविशेषण

33. 'उसका लड़का लम्बा है' में विशेषण का चयन कीजिए ।

(a) लड़का

(b) लम्बा

(c) उसका

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. प्रयोग के आधार पर 'पाण्डु' शब्द होगा

(a) केवल विशेषण

(b) केवल विशेष्य

(c) विशेषण और विशेष्य दोनों

(d) उपर्युक्त में से एक भी नहीं

35. 'चतुर विद्यार्थी से प्रश्न पूछो ।' वाक्य में विशेषण है

*(a) विद्यार्थी*

(b) प्रश्न

(c) चतुर

(d) पूछो

36. 'आठ बड़े चोर पकड़े गये थे, पुलिस की लापरवाही से आधे चोर भाग गये ।' वाक्य में किन शब्दों में विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध नहीं है ?

(a) बड़े चोर

(b) आधे चोर

(c) पुलिस की लापरवाही

(d) आठ बड़े चोर

37. निम्नलिखित शब्दों में कौन सा विशेषण है ?

(a) क्रोधी

(b) कण्टक

(c) चुनौती

(d) राही

38. 'लाखों लोगों ने इसे महसूस किया है' वाक्य में विशेषण है

(a) महसूस

(b) लोगों

(c) लाखों

(d) इसे

39. 'विशेष्य' वह शब्द होता है

(a) जिस शब्द की विशेषता बताई जाती है ।

(b) जिस शब्द के द्वारा विशेषता बतायी जाती है ।

(c) जिस हेतु विशेषता बतायी जाती है ।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

40. 'मोहन एक अच्छा विद्यार्थी है ।' वाक्य में विशेष्य है

*(a) मोहन*

(b) एक

(c) अच्छा

(d) विद्यार्थी

41. 'टीका' शब्द का पर्याय है

(a) व्याख्या

(b) आलेख

(c) टेकुआ

(d) तकली

42. निम्नलिखित में 'यमुना' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) हंससुता

(b) अर्कजा

(c) कृष्णा

(d) कूलंकषा

43. 'विशिख' किस शब्द का पर्यायवाची है ?

(a) बुध

(b) बाण

(c) तरु

(d) सरोवर

44. निम्नलिखित में 'खर' का पर्याय शब्द नहीं है :

(a) दुष्ट

(b) गदहा

(c) तिनका

(d) तेज

45. कौन सा शब्द 'घोड़ा' का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) बाजि

(b) तुरंग

(c) शार्दूल

(d) हय

46. निम्नलिखित में से 'कामदेव' का पर्यायवाची शब्द है :

(a) विडौजा

(b) पिशुन

(c) मार

(d) अश्म

47. 'धनंजय' का पर्याय है

(a) गुडाकेश

(b) धनुर्धर

(c) मृत्युंजय

(d) सारथी

48. निम्नलिखित में से 'मीन' का समानार्थी है :

(a) झख

(b) शिलीमुख

(c) अलि

(d) षट्पद

49. निम्नलिखित में से 'केतु' का पर्याय नहीं है :

(a) झंडा

(b) पताका

(c) निशान

(d) ग्रह

50. 'तलवार' का पर्यायवाची शब्द है

(a) हलवार

(b) करवाल

(c) धरवार

(d) धारदार

51. 'मिट्टी' का तत्सम शब्द है

(a) मृत्तिका

(b) मट्टिका

(c) म्रिट्टिका

(d) मृट्टी

52. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है :

(a) उलूक

(b) कूप

(c) ओझा

(d) पुस्तक

53. निम्नलिखित में से तत्सम की दृष्टि से शुद्ध है :

(a) शाटिका

(b) रस्सी

(c) रैन

(d) सरसों

54. 'बारात' का तत्सम रूप है

(a) वर्रात

(b) बरात

(c) ब्रात

(d) वरयात्रा

55. 'मोती' का तत्सम रूप है

(a) मौती

(b) मौक्तिक

(c) मुक्तक

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. निम्नलिखित में से तत्सम–तद्भव का सही युग्म है :

(a) महूक – महुआ

(b) अक्षवाट – अखाड़ा

(c) आद्रक – अदरक

(d) इक्ष – ईख

57. निम्नलिखित में से तत्सम की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है :

(a) दीक्षा – परीक्षा

(b) शूकर – बलीवर्द

(c) कपूत – सपूत

(d) वरिष्ठ – कनिष्ठ

58. निम्नलिखित में से एक शब्द तत्सम है :

(a) सपूत

(b) सरीसृप

(c) सांकल

(d) सांझ

59. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है :

(a) ज्योत्स्ना

(b) श्रेष्ठी

(c) परीक्षा

(d) घर

60. 'अखरोट' का तत्सम रूप है

(a) अक्षवट

(b) अक्षवाट

(c) अक्षोट

(d) अक्षयवट

DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.

**CODE : MCSTV-73** **2017**

**Sub : GENERAL HINDI**

**SERIES A**

**Time : 1 Hour** **Max. Marks : 60**

**Write your Roll Number in the box** **In numbers** → 

**In words**

**To mark Answer use Black Ball-point Pen only.**

**Candidate must read all the instructions before writing the answers.**

**You are to mark your answer on Answer-Sheet only. After the examination is over, handover the original Answer-Sheet to the Invigilator.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer all questions. All questions carry equal marks.
2. **The Candidate should indicate the correct Roll Number, Subject, Paper Code and its Series on the Answer-Sheet, otherwise the Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.**
3. **This Booklet contains 60 questions.** Each question has four (4) alternative answers. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer-Sheet using **Black Ball-point Pen only.** In any case, choose **ONLY ONE** response for each item.
4. Do not write anything on the cover page of the Test Booklet except Roll Number. Except this, do not write anything else inside the Test Booklet. If you need a working sheet to do your rough work, please ask the Invigilator for it and mention required information on it.
5. **If you happen to find that the Booklet issued to you does not have all the pages properly printed or it has any other deficiency, then you need to approach the Invigilator to get another Booklet of same Series and Code.**
6. **Penalty for wrong answers :**
   **There will be penalty for wrong answers marked by a candidate in the objective type question papers.**
   (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
   (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
   (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for the question.

DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है ।